संख्या-146 /2016 / 1091 / चार-2016 -160 (वि0)/2013

प्रेषक,

सूर्यमणि लालचन्द
विशेष सचिव
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

निदेशक,
उ0प्र0 संग्रहालय निदेशालय,
लखनऊ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 06 सितम्बर ,2016

विषय:- वित्तीय वर्ष 2016-17 में स्व0 लाल बहादुर शास्त्री के पैतृक आवास को स्मृति संग्रहालय के रूप में विकसित आदि कार्यो हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने के सम्बन्ध मे।

महोदय,

उपरोक्त विषय पर अपने पत्र संख्या- 345/उ0प्र0सं0नि0-4(9)/2013 दिनांक 15 जुलाई 2016 के संदर्भ में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि स्व0 लाल बहादुर शास्त्री के पैतृक आवास को स्मृति संग्रहालय के रूप में विकसित आदि कार्यो हेतु कार्यदायी संस्था उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 द्वारा धनराशि रू0 77.37 लाख का आगणन को विभागीय मूल्यांकन समिति द्वारा प्राप्त आगणन का परीक्षण करते हुए कार्य की मूल्यांकित लागत रू0 71.48 लाख के सापेक्ष शासनादेश संख्या- 23/2016/148/चार- 2016-160(बजट)/2013 दिनांक 09 फरवरी,2016 द्वारा धनराशि रू0 35.74 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृत प्रदान की गयी। , तद्नुक्रम में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2016-17 में प्रश्नगत कार्य हेतु अवशेष धनराशि रू0 35.74 लाख (रूपये पैतीस लाख चौहत्तर हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते है।

2- उक्त स्वीकृति धनराशि का आहरण /उपयोग नियमानुसार किया जायेगा। धनराशि आहरित करके बैंक/पोस्ट आफिसमें जमा नहीं की जायेगी।

3- शासनादेश संख्या- 23/2016/148/चार- 2016-160(बजट)/2013 दिनांक 09 फरवरी,2016 में उल्लिखित शर्ते/प्रतिबन्ध आदि यथावत रहेंगे।

4- उपर्युक्त स्वीकृति से सम्बन्धित व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक के अन्तर्गत अनुदान संख्या- 92- आयोजनागत पक्ष के 4202-शिक्षा, खेलकूद, कला एवं संस्कृति पर पूँजीगत परिव्यय -04-कला तथा संस्कृति - 106-संग्रहालय-05-संग्रहालयो की स्थापना-24-वृहत निर्माण मद के नामे डाला जायेगा।

5 - वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1/2016/बी-1-746/दस-2016-231/2016 दिनांक 22 मार्च,2016 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागो को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(सूर्यमणि लालचन्द)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in/

संख्या - 146 /2016 / 1091 (1)/चार-2016 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- निदेशक, संस्कृति निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ ।
3- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय , उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ ।
4 - मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
5 - प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 लखनऊ।
6 - परियोजना प्रबन्धक, उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 वाराणसी।
7 - वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-7/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/नियोजन अनुभाग-4
8 - निजी सचिव, मा0 संस्कृति मत्री (स्वंतत्र प्रभार) , संस्कृति विभाग।
9 - गार्ड फाइल।

आज्ञा से ,

(मनोज कुमार सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।